दिनांक 20.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देश पर भैंस खटाल के संचालक श्री राणा छावनी से 1 लाख रुपये अर्थदण्ड वसूला गया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु प्रभावित वार्ड एवं अन्य वार्डों में निगम द्वारा विभागीय एवं प्लेसमेंट तथा अतिरिक्त लगाये गये सफाई कामगारों एवं श्रमिकों के माध्यम से 05 से 20 अगस्त तक 94684 कूलर खाली कराये गये एवं 5266 कूलर को उतरवाया गया। स्प्रे पम्प से टेलीफास का छिडकाव 61944 स्थानों में कराया गया, फागींग मशीन से 3833 स्थानों एवं 604 स्कूल, 253 आंगनबाड़ी केन्द्रो में किंगफाग का धुआं छोड़ा गया। 300813 मीटर नालियों की सफाई की गई है। जन जागरुकता हेतु 142081 पाम्पलेट का वितरण किया गया।

विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, पी.वी.टी. के बच्चों के सहयोग से 2063 रैली निकाली गई और कन्ट्रोल रुम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का प्रतिदिन निराकरण किया जा रहा है। डेंगू के रोकथाम के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु 302 होर्डिंग्स, 941 कटआउट क्षेत्रों में लगाया गया है। जन जागरुकता हेतु 06 एप्पे एवं 11 रिक्शों से डेंगू के बचाव हेतु प्रचार–प्रसार नियमित रुप से किया जा रहा है। अतिरिक्त 304 नग स्प्रे पम्प के माध्यम से कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जा रहा है।

आज दिनांक 20.08.2018 को डेंगू के नियंत्रण हेतु नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा अब तक 2091 कूलर खाली कराये गये एवं 157 कूलर को निकलवाया गया। 1020 नग स्प्रे पम्प से टेमिफास का छिड़काव, फागींग मशीन से 83 स्थानों एवं 14 स्कूल, 09 आंगनबाड़ी केन्द्रो में किंगफाग के धुएं का छिड़काव कराया गया।
जन जागरुकता हेतु 3745 पाम्पलेट का वितरण किया गया है। विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, वी.टी.पी. के बच्चों के सहयोग से 07 स्थानों में रैली निकाली गई और कन्ट्रोल रुम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का प्रतिदिन निराकरण किया जा रहा है। डेंगू के रोकथाम के व्यापक प्रचार–प्रसार 01 फ्लैक्स /होर्डिंग्स, 45 कटआउट, 1350 प्लेसमेंट कर्मचारी लगाया गया है। प्रथम पाली में 199., एवं 538 द्वितीय पाली में अतिरिक्त कर्मचारी लगाये गये, भैंस खटाल, होटल, टायर पंचर सेंटर से कुल 1 लाख 7 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। डेंगू के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु नागरिकों का सहयोग भी प्राप्त हो रहा है। नागरिकों से अपील की जाती है कि डेंगू से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के उपाय अपनाने का भरपुर प्रयास करें ताकि आपके सहयोग से इस कार्य में पूर्णतः सफलता प्राप्त होगी।

श्री राणा भैंस खटाल छावनी से 1 लाख रुपये, टायर दुकान से 1 हजार रुपये, श्री लालू खुर्सीपार एवं मगज लड्डू एवं गुपचुप दुकान से 6 हजार रुपये कुल 107000 रुपये अर्थदण्ड की राशि वसूल की गई।

जनसम्पर्क अधिकारी